आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर
दिनांक : 15.07.2024
समय : 0705

<><><><><><><>

- उप–राज्यपाल एडमिरल डी.के.जोशी ने नई दिल्ली में वित्तमंत्री निर्मला सीतारमन और केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा से मुलाकात कर द्वीपसमूह से संबधित कई मुद्दों पर बातचीत की।
- गीत–संगीत, नृत्य और भरपूर मनोरंजन के साथ दो दिवसीय मानसून पर्यटन उत्सव का कल समापन हो गया।
- दक्षिण अण्डमान जिले में रहने वाले बिजली विभाग के उपभोक्ताओं को पहली अगस्त से बिजली बिलों का भुगतान सिर्फ ऑनलाइन करना होगा।
- आईटीआई परिसर में आयोजित राज्य चेस चैम्पियनशिप का कल समापन हो गया।
- उपभोक्ता कार्य विभाग ने पैकेटबंद वस्तुओं में समानता बनाए रखने के लिए लीगल मेट्रोलॉजी नियम, दो हजार ग्यारह में संशोधन का प्रस्ताव किया है।

<><><><><><><>

उप–राज्यपाल एडमिरल डी.के.जोशी ने नई दिल्ली में वित्तमंत्री निर्मला सीतारमन से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उप–राज्यपाल ने उन्हें लगातार दूसरी बार वित्तमंत्री का पद्भार संभाले जाने पर शुभकामनाएं देते हुए उनकी सफलता की कामना की। उप–राज्यपाल ने लौंग आइलैंड, एविज़ आईलैंड, स्मिथ आईलैड और शहीद द्वीप के लिए पर्यटन, आथित्य परियोजनाओं के सम्बंध में पी पी ए सी अनुमोदन शीघ्र देने का अनुरोध किया जिसके लिए कोडल गतिविधियां पूरी कर ली गई है और अब निविदा के लिए तैयार है। उप–राज्यपाल ने प्रशासन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय कनटेनर शिपमेंट टर्मिनल, दो नए ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट और एटलांटा–बे में डीप वॉटर पोर्ट और बड़ी मात्रा मे ंउच्च दर्जे के होटलों की बुनियादी ढ़ांचा परियोजनाओं की भी जानकारी दी जिसे जल्द ही लॉन्च किया जाना है। उप–राज्यपाल ने द्वीपसमूह को एक पसंदीदा वैश्विक निवेश गणतव्य के रूप में स्थापित करने के लिए वित्तीय, बैंकिंग, कर पहलू पर विचार करने का प्रस्ताव रखा।

<><><><><><><>

द्वीपों के उप–राज्यपाल एडमिरल डी.के.जोशी ने नई दिल्ली में केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उप–राज्यपाल ने उन्हें बधाई देते हुए सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दी। एडमिरल डी के जोशी ने मुख्यभूमि से दूरी और बहुत बड़े क्षेत्र में कम जनसंख्या घनत्व की विचित्र गतिशीलता को देखते हुए मुख्यभूमि पर रेफरल मामलों को कम करने के लिए द्वीपसमूह में बुनियादी ढ़ांचे, स्वास्थ्य सेवा, परिवार कल्याण योजनाओं, विशेष चिकित्सा सेवाओं और बहु विशेषज्ञों की नियुक्ति के लिए विशेष उपाय करने का अनुरोध किया।

<><><><><><><>

गीत–संगीत, नृत्य और भरपूर मनोरंजन के साथ दो दिवसीय मानसून पर्यटन उत्सव का कल समापन हो गया। कार्बाइन्स कोव तट पर कल उत्सव के दूसरे दिन भी खेलकूद के कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। साहसिक गतिविधियों में लोगों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। मुख्य सचिव केशव चन्द्र स्वंय इस उत्सव में नेतृत्व करते दिखाई दिए, उन्होंने भी दोस्ताना वॉलीबॉल मैच में हिस्सा लिया। खान–पान के स्टॉल भी लगाए गए, जिसमें तरह–तरह के व्यंजन लोगों को परोसे गए और लोगों ने भी इसका लुत्फ उठाया। स्थानीय हस्तशिल्प के सामानों की बिक्री के लिए भी स्टॉल लगाए गए, सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया। मुख्यभूमि के साथ–साथ स्थानीय कलाकारों ने भी गीत–संगीत और नृत्य के माध्यम से लोगों का मनोरंजन किया। द्वीपसमूह को पूरे साल पर्यटक गणतव्य के रूप में विकसित करने के लिए अंडमान निकोबार प्रशासन की ये एक सराहनीय पहल है। सुरक्षा की दृष्टि से भी व्यापक बंदोबस्त किए गए थे। एम्बूलेंस और अग्निशमन विभाग के वाहनों को किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार रखा गया था। हजारों की संख्या में लोग उत्सव देखने के लिए उपस्थित थे। मरीना पार्क में भी लोगों के मनोरंजन के लिए मानसून पर्यटन उत्सव का आयोजन किया गया।

<><><><><><><>

डिजिटल इंडिया मिशन को सफल बनाने और बिलों के भुगतान प्रणाली को नकदी रहित बनाने के लिए विद्युत विभाग की ओर से साईट कार्यालयों और सामान्य सेवा केन्द्रों में ऊर्जा बिल के भुगतान को एकत्र करने का कार्य बंद किया जा रहा है। पहली अगस्त से पूरे दक्षिण अंडमान ज़िले मे अब उपभोक्ता बिजली बिल का भुगतान ऊर्जा पोर्टल का इस्तेमाल करते हुए ऑनलाइन कर पाएंगे। ऊर्जा पे के माध्यम से भुगतान करने के संबंध में किसी भी प्रकार की

सहायता के लिए उपभोक्ता अपने साइट कार्यालय या केन्द्रीय नियंत्रण कक्ष में निशुल्क नम्बर एक आठ शून्य शून्य तीन चार पांच एक एक एक एक डायल कर संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार चेस एसोसिएशन द्वारा आई.टी.आई परिसर डॉलीगंज में आयोजित दो दिवसीय राज्य शतरंज चैम्पयनशिप का कल समापन हो गया। इस टूर्नामेंट में पांच वर्ष से लेकर अडसठ वर्ष आयु वर्ग तक के तीन सौ तीस खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस अवसर पर दक्षिण अण्डमान जिला उपायुक्त अर्जुन शर्मा मुख्य अतिथि थे। आदिवासी कल्याण विभाग के निदेशक हरमिंदर सिंह तथा आईटीआई डॉलीगंज के प्रधानाचार्य सी.एच. वेंकटेश सम्माननीय अतिथि थे। उन्होंने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए। दो दिवसीय शतरंज चैम्पियनशिप में कुल नौ राउंड मैच खेले गए। इसमें कस्तूरी बाई आठ दशमलव पांच अंक लेकर पहले स्थान पर रही, कमांडेंट ए.के.एस. श्रीमान नारायणा आठ अंक लेकर दूसरे स्थान पर रहे और ए.सी.एम दिनाकरन सात दशमलव पांच अंक लेकर तीसरे स्थान पर रहे। इस प्रतियोगिता में पहले सर्वश्रेष्ठ चार स्थान पाने वाले खिलाड़ी अगले महीने हरियाणा में आयोजित होने वाले इक्सठवें राष्ट्रीय चेस चैम्पियनशिप में द्वीपसमूह का प्रतिनिधित्व करेंगे।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सोशल मीडिया अकाउंट– एक्स पर उनके फॉलोअर की संख्या दस करोड को पार कर गई है। इस उल्लेखनीय बढोतरी में पिछले तीन वर्षों में लगभग तीन करोड की वृद्धि शामिल है। श्री मोदी को अब एक्स पर दुनिया के सबसे अधिक फॉलो किए जाने वाले नेता होने का गौरव प्राप्त है। वे तीन सौ इक्यासी लाख फॉलोअर वाले अमरीकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और पैंसठ लाख फॉलोअर वाले कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो से काफी आगे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने चर्चाओं, विचार–विमर्श, अंतर्दृष्टि, लोगों के आशीर्वाद, रचनात्मक आलोचना आदि के लिए लोगों का आभार व्यक्त किया है। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि यह उपलब्धि न केवल भारत में श्री मोदी की अद्वितीय लोकप्रियता का बल्कि वैश्विक मंच पर उनकी महान राजनीतिज्ञता का भी प्रमाण है।

<><><><><><><>

भारत रत्न के.कामराज की जयंती के अवसर पर आज ब्रुक्शाबाद स्थित कामराज अंग्रेज़ी माध्यम स्कूल में कार्यक्रम आयोजित होगा। सुबह साढ़े आठ बजे कार्यक्रम की शुरूआत होगी।

<><><><><><><>

उपभोक्ता कार्य विभाग ने पैकेटबंद वस्तुओं में समानता बनाए रखने के लिए लीगल मेट्रोलॉजी (पैकेज्ड कमोडिटीज) नियम, दो हजार ग्यारह में संशोधन का प्रस्ताव किया है। संशोधन में ऑफ़लाइन और ऑनलाइन दोनों प्लेटफार्मों पर खुदरा बिक्री के लिए प्री–पैकेज्ड वस्तुओं की सभी जानकारी घोषित करना अनिवार्य करने का प्रस्ताव है। उपभोक्ता कार्य मंत्रालय ने कहा कि संशोधन से पैकेटबंद वस्तुओं के लिए समान मानक स्थापित करने में मदद मिलेगी, जिससे विभिन्न ब्रांडों और उत्पादों में स्थिरता और निष्पक्षता को बढ़ावा मिलेगा। मंत्रालय ने कहा है कि नए नियम औद्योगिक उपभोक्ताओं या संस्थागत उपभोक्ताओं के लिए पैकटबंद वस्तुओं पर लागू नहीं होंगे।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान ज़िला परिषद् की शिक्षा और सामाजिक न्याय समिति की अध्यक्षा वी.के मरियम बीबी और होपटाउन पंचायत प्रधान रशीदा बीबी ने मुख्य पत्तन प्रशासक डॉ. प्रशांत कुमार से मुलाकात कर पानीघाट जेट्टी के पुनःनिर्माण के सम्बंध में बातचीत की। मुख्य पत्तन प्रशासक ने इस दिशा में अच्छी तरह से सर्वेक्षण करने और बाद में एसटिमेट तैयार कर पुनः निर्माण करने का आश्वासन दिया।

<><><><><><><>

लेफ्टिनेंट कमांडर रियाज़ फारूख ने एन सी सी की नौसेना इकाई के कमांडिग ऑफिसर का पद्भार संभाल लिया है। उन्होंने लेफ्टिनेंट कमांडर अंकित पंत का स्थान लिया है।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

दो दिवसीय मानसून पर्यटन उत्सव के सम्पन्न होने के समाचार को कुछ समाचार पत्रों ने आज अपनी बड़ी खबर बनाया है। द्वीप समाचार ने इस खबर पर सुर्खी दी है– महोत्सव में खेलों, जीवन्त संगीत, नृत्य तथा लजीज व्यंजनों के माध्यमों से सामुदायिक भावना का प्रदर्शन किया गया। द डेली टेलीग्राम्स ने मानसून पर्यटन उत्सव में आयोजित खेल गतिविधियों और सांस्कृतिक कार्यक्मों को सचित्र प्रकाशित किया है। भारी वर्षा और हवाओं के बावजूद पुलिस मरीन बल द्वारा उत्तरी अण्डमान के ताल बागान में रहने वाली एक महिला को आपातकालीन सहायता पहुंचाए जाने के समाचार को अण्डमान क्रोनिकल ने आज अपनी बड़ी खबर बनाया है। शोलबे में राजस्व शिविर आयोजित होने और इस शिविर में जिला उपायुक्त अर्जुन शर्मा द्वारा क्षेत्र की समस्याओं का जायजा लेने के समाचार को

अण्डमान एक्सप्रेस अंग्रेजी ने प्रथम पृृष्ठ में प्रकाशित किया है। भारत और जिम्बाब्बे के बीच खेले गए अंतिम टी ट्वेन्टी मैच में भारत के जीत के साथ ही सीरीज पर चार एक से कब्जा किए जाने के समाचार को द इको ऑफ इंडिया और इंफो इंडिया ने अपने खेल पन्ने में जगह दी है।

<><><><><><><>